# बाबा विश्वनाथ को लंगड़ा आम का रस चढ़ाया, मानसून 5 दिन से बॉर्डर पर अटका

## यूपी में भीषण गर्मी सड़क में अचानक दरारें आईं

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में मानसून लेट हो गया है। बॉर्डर तक पहुंचने के बाद इसकी चाल धीमी पड़ गई है। पिछले 5 दिनों से यूपी-बिहार बॉर्डर पर महराजगंज जिले के पास अटका हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि इसके आगे बढ़कर यूपी में एंट्री करने में फिलहाल एक हफ्ते तक का समय लग सकता है।

आज 16 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 25 जिलों में हीटवेव (लू) की चेतावनी जारी की गई है। शुक्रवार सुबह फर्रुखाबाद में करीब 1 घंटे तक



जोरदार बारिश हुई। कानपुर देहात में भी अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इसके अलावा, प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तेज धूप है। हवा की रफ्तार कम होने से उमस का एहसास हो रहा है। गोरखपुर में भीषण गर्मी की वजह से RCC सड़क में दरारें आ गईं। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के घरों के लोग बाहर निकल आए। देखा तो सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। उससे धुआं निकल रहा था।

### 5 दिन भीषण गर्मी पड़ेगी, लू चलेगी

मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में मौसमी गतिविधियां फिलहाल छिटपुट स्तर तक सीमित हैं। कहीं-कहीं आंधी-तूफान और हल्की बूंदाबांदी के आसार जरूर हैं, लेकिन इससे तापमान में कोई खास राहत मिलने के आसार नहीं हैं। अगले पांच दिनों में पारा लगातार बढ़ता रहेगा। इस दौरान लू की स्थिति और गंभीर रहने की संभावना है।

वहीं, काशी में गर्मी से राहत दिलाने के लिए बाबा विश्वनाथ को लंगड़ा आम का रस चढ़ाया गया। गंगाजल से अभिषेक किया गया। आगरा में शुक्रवार सुबह तेज धूप के साथ दिन की शुरुआत हुई। फिलहाल शहर का तापमान करीब 33°C बना हुआ है।



### बाबा विश्वनाथ को लंगड़ा आम का रस चढ़ाया, गंगाजल से अभिषेक किया

वाराणसी में एक बार फिर से भीषण गर्मी पड़ने लगी है। बाबा विश्वनाथ को मौसमी फल अर्पित किया जा रहा है। आज मंगला आरती में बाबा को लंगड़ा आम का रस चढ़ाया गया। इसके अलावा मां गंगा की जल से उनका अभिषेक किया गया।

**लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-अभी उत्तर प्रदेश में ऐसा कोई मौसम सिस्टम सक्रिय नहीं है, जिससे बारिश हो। मानसून की रफ्तार भी धीमी है। फिलहाल, प्रदेश में मानसून के आने के हालात नहीं बन पाए हैं। यूपी में मानसून पहुंचने में अभी करीब एक हफ्ता और लग सकता है।**

### बाबा विश्वनाथ को लंगड़ा आम का रस चढ़ाया, गंगाजल से अभिषेक किया

वाराणसी में एक बार फिर से भीषण गर्मी पड़ने लगी है। बाबा विश्वनाथ को मौसमी फल अर्पित किया जा रहा है। आज मंगला आरती में बाबा को लंगड़ा आम का रस चढ़ाया गया। इसके अलावा मां गंगा की जल से उनका अभिषेक किया गया।

### गोरखपुर में आरसीसी सड़क में आईं दरारें धमाके की आवाज सुन भागे लोग

गोरखपुर के पादरी बाजार स्थित ईस्टर्न कॉलोनी में भीषण गर्मी के चलते RCC सड़क अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि अधिक तापमान के कारण सड़क में दरार आ गई।

बीती रात हल्के बादल छाए रहने के साथ तेज हवाएं चलीं, लेकिन गुरुवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को दिनभर परेशान किया।

## काशी में 'भगवान परशुराम' के स्वरूप में राहुल गांधी

### जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने दुग्धाभिषेक किया

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का आज 56वां जन्मदिन है। वाराणसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की भगवान परशुराम के स्वरूप में पूजा की। मां गंगा की बीच धारा में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया।

कार्यकर्ताओं ने 11 किलो लड्डू का केक बनाकर काटा। राहुल गांधी के दीर्घायु, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि राहुल गांधी सत्ता में बैठे अधर्मी, दुराचारी और लोकतंत्र के विरोधी, संविधान को न मानने वाले लोगों लोगों के खिलाफ खड़े रहते हैं। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। वह आम आदमी



की आवाज उठाते हैं। हमारे नेता संघर्ष के प्रतीक हैं। जिस तरह से जिस तरह से बाबा परशुराम ने इस धरती से राक्षसों, अधर्मियों और अत्याचारियों का विनाश किया था। उसी तरह हमारे नेता राहुल गांधी भी ऐसे लोगों का नाश करेंगे। जो लोग देश का संविधान नहीं मानते। लोकतंत्र के विरोधी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता नाव से गंगा नदी के बीच में पहुंचे। उनके हाथ में एक वाटरप्रूफ कटआउट था।

**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी के भेलूपुर में टावर का पैनल धूं-धूं कर जला

वाराणसी। वाराणसी के भेलूपुर क्षेत्र में एसीपी कार्यालय के सामने स्थित एक मोबाइल टावर में शुक्रवार को अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की घटना उस समय हुई जब टावर पर मरम्मत का कार्य चल रहा था। हालांकि राहत की बात यह रही कि जिस समय आग लगी, उस समय टावर पर कार्य कर रहे कर्मचारी नीचे उतर चुके थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

### जेल में बंद बीएसए पति को देख फूट-फूटकर रोई

गोरखपुर। गोरखपुर में टीचर कृष्णमोहन सिंह सुसाइड केस में सस्पेंडेड बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) शालिनी श्रीवास्तव जेल पहुंचने के बाद गुमशुम नजर आई। महिला बैरक में पहुंचने के बाद बुधवार को शालिनी काफी तनाव में दिखी। देर रात तक चुपचाप बैठी रही। किसी से बातचीत नहीं की।

3 दिन से वह महिला बैरक में गुमसुम ही दिख रही है। एकटक दीवारों को देखती रहती है। जब उसे खाना दिया जाता है तो कुछ देर वह दूर रहती है। फिर थोड़ी देर बाद खाना खाती है।

### पार्क हॉस्पिटल के डॉक्टरों से करोड़ों की हेराफेरी

गोरखपुर। गोरखपुर में पार्क हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों के साथ करोड़ो रुपए की हेराफेरी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दवा कंपनी मेडरेव हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों ने हॉस्पिटल के रिकॉर्ड और डेटा में हेराफेरी कर प्रॉफिट छुपाया और उनके हिस्से की रकम को हड़पने की कोशिश की।

## लखनऊ के 43 मेधावी बने सीए राहुल चौरासिया टॉपर

### श्रुति गोयल और अरशद खान का भी शानदार प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा घोषित CA फाइनल मई 2026 परीक्षा परिणाम में लखनऊ के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार शहर को 43 नए चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) मिले हैं। राहुल चौरासिया ने सबसे अधिक अंक हासिल कर लखनऊ टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि श्रुति गोयल और अरशद खान दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ICAI लखनऊ चैप्टर में शुक्रवार को सफल अभ्यर्थियों का सम्मान किया गया। चैप्टर के चेयरमैन सीए अश्वनी जायसवाल ने बताया कि लखनऊ केंद्र से 624 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 43 ने सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें 21 अभ्यर्थियों ने एक साथ दोनों ग्रुप पास किए, जबकि 22 अभ्यर्थी पहले एक



ग्रुप क्वालीफाई कर चुके थे और दूसरे ग्रुप में सफलता हासिल कर अब सीए बने हैं। लखनऊ मेरिट सूची में राहुल चौरासिया पहले, श्रुति गोयल दूसरे, अरशद खान तीसरे, हर्ष अग्रवाल चौथे और यशर्व अग्रवाल पांचवें स्थान पर रहे। अयोध्या केंद्र से परीक्षा पास करने वाली उन्नति मित्तल ने 396 अंक प्राप्त किए। यदि उन्होंने लखनऊ केंद्र से परीक्षा दी होती तो वह यहां की टॉपर होतीं। ICAI लखनऊ चैप्टर के पूर्व चेयरमैन सीए अनुराग पांडेय ने बताया कि सीए परीक्षा हमेशा कठिन मानी जाती है, लेकिन इस बार का पेपर पिछले कई वर्षों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण रहा।

### विकास और जनकल्याण की उपलब्धियां गिनाईं, 100 से अधिक मीडिया संस्थानों ने लिया भाग

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर मीडिया कार्यशाला आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

वाराणसी। पत्र सूचना कार्यालय द्वारा वाराणसी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'केंद्र सरकार के 12 साल- विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' विषय पर 'वार्तालाप कार्यक्रम' (मीडिया कार्यशाला) का किया गया आयोजन, मीडिया कार्यशाला में100 से अधिक मीडिया संस्थानों ने लिया भाग। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में काशी सहित पूरे देश में अभूतपूर्व विकास एवं आधारभूत संरचना का विस्तार हुआ है, जिससे आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है: श्री रवीन्द्र जायसवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर




**कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन श्री रवीन्द्र जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वाराणसी के महापौर श्री अशोक तिवारी ने संबोधित किया।**

प्रदेश पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, सामाजिक उत्थान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हुए कार्यों ने विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव रखी है: श्री अशोक तिवारी, महापौर, वाराणसी मीडिया कार्यशाला में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास यात्रा की भी जानकारी दी गयी। उपस्थित पत्रकारों ने भी सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर रखा अपना विचार। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि




### वार्तालाप कार्यक्रम (मीडिया कार्यशाला) का आयोजन

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जन कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी द्वारा आज वाराणसी में ''केंद्र सरकार के 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के'' विषय पर वार्तालाप कार्यक्रम (मीडिया कार्यशाला) का आयोजन किया गया। मीडिया कार्यशाला में 100 से अधिक मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा भागीदारी की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि श्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में काशी सहित पूरे देश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिनका प्रभाव आम नागरिकों के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का बजट 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है तथा पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष सहायता प्रदान की जा चुकी है।

## किसानों के लिए जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने एवं इसके लाभों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष किसान संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारियों तथा प्रबंधन प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट कृषि अधिकारी राजित राम वर्मा ने की साथ में अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुराग सक्सेना ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल खेती की लागत को कम करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण तथा किसानों की आय में वृद्धि करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों, जैसे एफओएम , एलएफओएम ,पीआर-ओएम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री प्राप्त होती है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से हजारों का सामान जलकर राख

### देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र स्थित चौधरी पुरवा गांव में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक परिवार की वर्षों की जमा पूंजी को पल भर में राख कर दिया। इस घटना में घर में रखी नगदी व घरेलू सामान सहित हजारों का सामान जलकर नष्ट हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरीपुरवा निवासी रामफेर के घर में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि परिवार के सदस्यों को घर के अंदर रखा सामान सुरक्षित बाहर निकालने का अवसर नहीं मिल सका। परिवार के लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकले। उन्होंने शोर मचाकर ग्रामीणों



को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बाल्टियों और अन्य संसाधनों की मदद से काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक घर में रखा करीब पांच हजार रुपये नगद, खाद्यान्न, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू उपयोग का सामान जलकर राख हो चुका था। आग की चपेट में आने से परिवार के कीमती जेवरात भी पूरी तरह नष्ट हो गए।



**घटना की सूचना संबंधित राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन कराने तथा पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।**

## 12 गांवों में तेंदुए की दहशत शाम होते ही घरों के दरवाजे हो जाते बंद

### लाठी-टॉर्च लेकर पहरेदारी कर रहे ग्रामीण

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज के झूंसी क्षेत्र के 7 किलोमीटर के इलाके में तेंदुए का खौफ है। करीब 12 गांव में डर का माहौल है। सूरज ढलते ही लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। बच्चे खेलने के लिए घरों से बाहर नहीं निकल रहे। महिलाओं ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है।

रात में पशुओं की रखवाली के लिए गांव के लोग समूह में हाथों में डंडा-टॉर्च लेकर पहरेदारी कर रहे हैं। 13 और 16 जून को तेंदुआ बस्ती में घूमते हुए देखा गया। सबसे पहले 13 जून को हवेलिया वार्ड में मादा तेंदुआ और उसके दो शावकों को देखा गया। जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।

इसके बाद 16 जून को शास्त्री ब्रिज के नीचे एसटीपी प्लांट के पास एक बार फिर तेंदुआ देखा गया। वहां काम करने वाले कर्मचारी ने तेंदुए का भागते हुए वीडियो बनाया।



पिछले 6 दिन से गांववाले दहशत में हैं। टीम मुख्यालय से 10 किमी. दूर उन गांवों में पहुंची। टीम ने हैंछतनाग, हवेलिया, नई झूंसी, पुरानी झूंसी, नैका महीन, उस्तापुर महमूदाबाद, गोलबाजार, संगम विहार, मुंशी का पुरा, बदरा, सोनौटी, ढोलबजवा पहुंची। गांवों का माहौल देखा।

गुरुवार शाम करीब 7 बजे टीम गांव सोनौटी पहुंची। सूरज डूबते ही गलियों में सन्नाटा हो गया। घरों के दरवाजे बंद हो गए। चलते हुए टीम बीच गांव पहुंची। यहां सड़क पर 8-10 लोग एक साथ खड़े थे।

**बैठक :** चढ़ावा चोरी मामले में विहिप बोला जांच का दायरा बढ़ाए एसआईटी

## 'हिसाब का जिम्मेदार ट्रस्ट'

तमसा संकेत, एजेंसी

हरिद्वार। हरिद्वार में विश्व हिंदू परिषद (VHP) के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई। बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में विहिप ने अयोध्या राम मंदिर दान विवाद की जांच का दायरा बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि रामालय ट्रस्ट और राम जन्म मंदिर पुनर्निर्माण ट्रस्ट समेत राम मंदिर के नाम पर धन या सोना जुटाने वाली अन्य संस्थाओं के खातों की भी जांच होनी चाहिए। संगठन ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट भगवान राम के एक-एक पैसे के प्रति जवाबदेह है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे दंडित किया जाना चाहिए।

बैठक के बाद हुई पीसी में दंडी स्वामी स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने लिव-इन रिलेशनशिप, LGBTQ



दो दिनों तक चली बैठक के बाद जानकारी देते स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती और विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार।

और परिवार से जुड़े कानूनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या देश को 'वैश्याबाजार' में बदलने की तैयारी की जा रही है।

स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि मौजूदा व्यवस्थाओं के कारण हिंदू परिवार टूट रहे हैं। संत समाज ने केंद्र सरकार से परिवार और विवाह संस्था को प्रभावित करने वाले कानूनों की समीक्षा करने की मांग की है।

**बैठक में परिवार संस्था और विवाह व्यवस्था को लेकर सबसे अधिक चर्चा हुई। संत समाज ने कहा कि व्यभिचार को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता मिलने और समलैंगिक जोड़ों के अधिकारों से जुड़े मामलों के बाद परिवार व्यवस्था के सामने नई चुनौतियां खड़ी हुई हैं।**



### राम मंदिर मुद्दे के राजनीतिकरण से बचने की अपील

विहिप ने कहा कि राम मंदिर दान विवाद की जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। संगठन का कहना है कि यह भी देखा जाना चाहिए कि किसकी भूमिका जानबूझकर की गई गड़बड़ी की है और किसकी केवल लापरवाही की। विहिप ने कहा कि रामजन्मभूमि मंदिर की व्यवस्थाओं को पूरी तरह दोषमुक्त और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। साथ ही संगठन ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल अयोध्या और राम मंदिर के मुद्दे को 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। विहिप ने सर्वदलीय समिति से जांच कराने की मांग को भी खारिज करते हुए कहा कि आपराधिक मामलों की जांच राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को नहीं सौंपी जा सकती।

## तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना खडाकापुर-महादेवा मार्ग पर टिहुरकी गांव के निकट हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सूरतगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेशपुर गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार पुत्र त्रिलोकी जो कैटर्स का कार्य करता हैं। शुक्रवार को वह एक कार्यक्रम में खाना बनाने के



लिए भैरमपुर जा रहे थे। इसी दौरान जब वह खडाकापुर-महादेवा मार्ग पर स्थित टिहुरकी गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शैलेन्द्र कुमार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका एक पैर फैक्चर हो गया, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद




ऑटो चालक को लेकर भी क्षेत्र में चर्चा रही, जबकि आसपास के ग्रामीण तत्काल सहायता के लिए मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवक को सड़क से उठाकर उपचार के लिए सीएचसी सूरतगंज पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज हेतु उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर करेंगे शुभारंभ, किसान सम्मेलन और योग दिवस पर रहेगा विशेष फोकस

# राजकीय हवाई पट्टी पर विकास प्रदर्शनी व जनकल्याण कार्यक्रम

**आयोजन**

- प्रभारी मंत्री करेंगे उद्घाटन
- सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन की व्यवस्था
- तैयारियों की समीक्षा
- जनभागीदारी की अपील



**तीन दिवसीय आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर फूड कोर्ट, झूले और अन्य मनोरंजन सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में 20 से 22 जून 2026 तक राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी एवं जनकल्याण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विकास प्रदर्शनी, किसान सम्मेलन, महिला सम्मेलन, योग दिवस और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 जून को पूर्वाह्न 11 बजे प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता को दी जाएगी। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ने आयोजन के लिए विभागवार नोडल अधिकारी नामित किए हैं। सभी विभागों को समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विकास प्रदर्शनी देखने, योजनाओं की जानकारी लेने और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

## किसान सम्मेलन और विकास प्रदर्शनी

20 जून को किसान गोष्ठी और किसान सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

## योग दिवस और महिला सम्मेलन

21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह 6 बजे सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित होगा। इसका राष्ट्रीय स्तर पर सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। इसी दिन महिला सम्मेलन और सरस मेले का आयोजन होगा, जिसमें स्वयं सहायता समूहों और महिला उद्यमियों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा की तैयारियों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर जोर

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

- 11 केंद्रों पर होंगे 5,088 अभ्यर्थी शामिल

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। इसमें परीक्षा से जुड़े नोडल अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, केंद्राध्यक्ष और ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

बैठक में बताया गया कि जनपद में 21 जून को नीट (यूजी)-2026 परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में कुल 5,088 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय दिया जाएगा। अभ्यर्थियों का प्रवेश, पंजीकरण और बायोमेट्रिक सत्यापन सुबह 11 बजे से शुरू होगा। परीक्षा की शुचिता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके अलावा तीन जोनल मजिस्ट्रेट भी निगरानी करेंगे।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, सीसीटीवी, चिकित्सा सहायता और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से समय पर केंद्रों पर पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

बैठक में संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और परीक्षा को पारदर्शी, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**फास्ट न्यूज**

## भूमाफियाओं और दलालों के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

अम्बेडकरनगर। जनपद में भूमाफिया, जालसाज और दलालों के खिलाफ कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पीड़ितों ने प्रदर्शन किया। समाजसेवी सुरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में कई पीड़ित मौके पर पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि भूमि से जुड़े मामलों में उन्हें ठगी और धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया है। पीड़ितों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम में टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 पर जोर

अम्बेडकरनगर। महमाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के निर्देशों के तहत प्रधानाचार्य के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार गुप्ता ने तनाव को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण बताया।

## बैनामा लेखकों का धरना जारी

अम्बेडकरनगर। आलापुर तहसील परिसर में बैनामा (दस्तावेज) लेखकों का धरना जारी है। दस्तावेज लेखक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं और ऑनलाइन दस्तावेज पंजीकरण व्यवस्था पर आपत्ति जता रहे हैं। धरने पर बैठे दस्तावेज लेखकों का कहना है कि ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली के तहत पंजीकरण प्रक्रिया में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं।

# निकला ऐतिहासिक दो मोहर्रम का जुलूस पूरी रात चला अकीदत का सिलसिला

तमसा संकेत, संवाददाता



- शाही इमामबाड़े से रवाना हुआ जुलूस, रोज़ा-ए-फात्मैन कर्बला पर हुआ समापन

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर के मीरानपुर स्थित शाही इमामबाड़े से अंजुमन अकबरिया रजिस्टर्ड के तत्वावधान में पूर्वांचल का ऐतिहासिक दो मोहर्रम का जुलूस गुरुवार देर रात निकाला गया। जुलूस पारंपरिक मार्गों से होकर शुक्रवार सुबह अयोध्या मार्ग स्थित रोज़ा-ए-फात्मैन कर्बला पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।

जुलूस में अकबरपुर के अलावा अयोध्या, सुल्तानपुर, टांडा और जलालपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अलम, दुलदुल और अमारियों की जियारत के लिए मार्ग भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

जुलूस के दौरान कर्बला के शहीदों को याद किया गया। विभिन्न अंजुमनों ने नौहाख्वानी, सीनाजनी और मातम में हिस्सा लिया। अंजुमन जुल्फकारिया खासपुर, अंजुमन अब्बासिया सकरावल टांडा, अंजुमन रौनक-ए-इस्लाम जलालपुर, अंजुमन हुसैनिया सुल्तानपुर सहित अन्य अंजुमनों की सक्रिय भागीदारी रही। रोज़ा-ए-फात्मैन कर्बला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने अलम, दुलदुल और अमारी की जियारत की। इस अवसर पर फूलों की चादरें भी पेश की गईं।

भीषण गर्मी को देखते हुए जुलूस मार्ग पर जगह-जगह शर्बत और शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।

# जिलाधिकारी ने रात्रिकालीन चौपाल में सुनीं जनसमस्याएं

## सम्मनपुर छितौनिया में आयोजित चौपाल, अधिकारियों को दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। तहसील भीटी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सम्मनपुर छितौनिया में गुरुवार को रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने ग्रामीणों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान प्राप्त शिकायतों में से कई का निस्तारण मौके पर ही कराया गया। शेष मामलों के संबंध में संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इसी क्रम में जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी अधिकारियों की अध्यक्षता में चौपालों का आयोजन किया गया। विकासखंड कटेहरी की प्रतापपुर चमुर्खा, जलालपुर की मालीपुर, बसखारी की हंसवर तथा रामनगर की आरिबपुर सारी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं।

चौपालों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# आलापुर में अतिक्रमण कार्रवाई पर उठे सवाल ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

तमसा संकेत, संवाददाता




- सिपाह बाजार और धनुकारा के मामलों को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर चर्चा

आलापुर, अंबेडकर नगर। तहसील आलापुर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि विभिन्न मामलों में कार्रवाई के तरीके अलग-अलग रहे हैं, जिससे निष्पक्षता को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

सिपाह बाजार में लोक निर्माण विभाग की भूमि पर कथित अतिक्रमण की शिकायतें लंबे समय से की जा रही थीं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। बाद में प्रशासन ने अभियान चलाकर बाजार क्षेत्र से कई अस्थायी अतिक्रमण हटवाए। इसके बाद स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठने लगा कि शिकायतों के बावजूद पहले कार्रवाई क्यों नहीं की गई। धनुकारा गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर भी ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कुछ मामलों में प्रशासन ने त्वरित कदम उठाए, जबकि अन्य शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई का दायरा सभी मामलों में समान नहीं रहा। ग्रामीणों के अनुसार नवीन परती भूमि की गाटा संख्या 399 और 432 पर कथित अतिक्रमण की शिकायतें कई बार की गईं, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

मंत्रा ऐप, टीकाकरण और अर्बन स्वास्थ्य सेवाओं पर हुई समीक्षा

# निर्देश : जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

**चेतावनी**

**“मंत्रा ऐप की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित समन्वयक मातृत्व स्वास्थ्य का मानदेय अग्रिम आदेश तक बाधित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्य में सुधार लाने को कहा गया।**

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला और मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रमोद कुमार मौजूद रहे। शहरी स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने 30 जून 2026 तक पांच नए अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को पूरी तरह क्रियाशील करने के निर्देश दिए। लक्ष्य पूरा न होने पर शहरी स्वास्थ्य समन्वयक का मानदेय बाधित करने की चेतावनी दी गई।

बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति सुधारने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी अधीक्षकों को 30 जून 2026 तक गोल्डन कार्ड निर्माण का लक्ष्य हर हाल में पूरा करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने और फर्स्ट रेफरल यूनिट (FRU) को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं जनता तक गुणवत्तापूर्ण और समय पर पहुंचनी चाहिए।

## स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में पिछली बैठक की अनुपालन आख्या के साथ विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कई योजनाओं की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बिजली आपूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ता परेशान विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

## 33 केवी लाइन में गड़बड़ी के बाद कई घंटे ठप रही सप्लाई

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एक बार फिर प्रभावित रही। 33 केवी लाइन में तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार शाम निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की सूचना विभाग की ओर से ग्रुप मैसेज के जरिए उपभोक्ताओं को दी गई थी।

सूचना में बताया गया था कि खराबी के कारण रात नौ बजे तक सप्लाई बंद रहेगी। इसके बाद भी देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

लगातार घंटों तक आपूर्ति बाधित रहने के बाद उपभोक्ताओं ने विभागीय व्यवस्था और जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि बिजली जैसी आवश्यक सेवा में ऐसी लापरवाही से आपात स्थिति में गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है।

फिलहाल विद्युत विभाग की ओर से स्थिति सामान्य होने और आपूर्ति बहाल होने को लेकर विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। स्टाफ व्यवस्था पर भी उठे सवाल

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा रही कि रात्रि ड्यूटी में अधिकांश कार्य संविदा और आउटसोर्स कर्मियों के सहारे चल रहा है। लोगों का कहना है कि आपात स्थिति में भी त्वरित प्रतिक्रिया नहीं मिल पा रही है।

### शिकायतों के बावजूद नहीं मिला समाधान

इस दौरान उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों से लेकर अवर अभियंता और अधिशासी अभियंता तक संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। देर रात तक समस्या बनी रहने से लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में योग शिविर आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता



- पुलिस लाइन अकबरपुर सहित सभी विकास खंडों में अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और आमजन ने किया योगाभ्यास

अम्बेडकरनगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में चल रहे योग सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद के सभी विकास खंडों तथा पुलिस लाइन अकबरपुर में बृहद योग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस बल और आमजन ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। पुलिस लाइन अकबरपुर में आयोजित मुख्य योग शिविर में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने अनुशासन के साथ विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम और ध्यान जैसी विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। योग प्रशिक्षकों ने योग की वैज्ञानिक और व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मानसिक तनाव में कमी आती है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग संतुलित जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम है।

शिविरों में प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन, मानसिक एकाग्रता और शारीरिक फिटनेस के लिए योग के महत्व की जानकारी दी गई।

**मंथन : गांव-गांव तक पहुंचाएंगी अधिकारों का संदेश**

# कार्यक्रम : सरकारी योजनाओं की जानकारी से सशक्त होंगी महिलाएं

**30 महिला लीडरों को दिया गया प्रशिक्षण**

तमसा संकेत, संवाददाता



**कार्यक्रम में श्रम कार्ड से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं, जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी भी दी गई। महिलाओं को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और पात्रता संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया।**

अम्बेडकरनगर। विकासखंड जलालपुर में जन शिक्षण केंद्र के तत्वावधान में ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत छह नई ग्राम पंचायतों की 30 महिला लीडरों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में करमिसिरपुर, सलाउद्दीनपुर, सेठाकला, खालिसपुर भटौली, टिकरी और भदोई ग्राम पंचायतों की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला सशक्तिकरण के नारों के साथ हुई। इसके बाद प्रतिभागियों का परिचय गतिविधि के माध्यम से कराया गया।

जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने कहा कि सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में कई जरूरतमंद परिवार लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने गांवों में अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने और योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन संगठन गीत के सामूहिक गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम में उमा बारी, राधिका, पुष्पा, सरिता, रेखा, रंजन, शशिकला, निशा, उर्मिला, सरोज और बृजेश समेत अन्य कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

### योजनाओं की जानकारी पर हुआ मंथन

प्रशिक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को एक उदाहरणात्मक कहानी के माध्यम से योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को समूहों में बांटकर चर्चा कराई गई, जिसके बाद उन्होंने अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

# रोडवेज परिसर के पास सड़क पर फैली गंदगी

## यात्रियों और राहगीरों को हो रही परेशानी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर। अकबरपुर रोडवेज परिसर के पास मुख्य सड़क पर फैली गंदगी ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क किनारे और मार्ग पर जगह-जगह कूड़ा बिखरा होने से राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में सफाई कार्य नियमित रूप से नहीं हो रहा है। एक दिन सफाई होने के बाद अगले दिन, विशेषकर शाम के समय, सड़क पर फिर से कूड़ा जमा दिखाई देता है। रोडवेज परिसर के आसपास प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, लेकिन इसके बावजूद सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं दिख रही है। सड़क पर बिखरे कूड़े की स्थिति तस्वीरों में भी स्पष्ट दिखाई दे रही है। मुख्य मार्ग पर फैली गंदगी से आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है और लोगों को असुविधा उठानी पड़ रही है।

क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका से रोडवेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में गंदगी बढ़ने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है, इसलिए सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

